# मध्यप्रदेश विधान सभा

## फरवरी-अप्रैल, 2016 सत्र

## दैनिक कार्य सूची

## गुरुवार, दिनांक 3 मार्च, 2016 (फाल्गुन 13, 1937)

## समय 10.30 बजे दिन

### 1. प्रश्नोत्तर

पृथकत: वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

### 2. पत्रों का पटल पर रखा जाना

(1) श्री उमाशंकर गुप्ता, उच्च शिक्षा मंत्री, मध्यप्रदेश विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 (क्रमांक 22 सन् 1973) की धारा 47 की अपेक्षानुसार विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन का 57 वां वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2013-2014 (1 जुलाई, 2013 से 30 जून, 2014 तक) पटल पर रखेंगे.

(2) श्री राजेन्द्र शुक्ल, ऊर्जा मंत्री, कंपनी अधिनियम, 2013 (क्रमांक 18 सन् 2013) की धारा 395 की उपधारा (1) (ख) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड का तेरहवां वार्षिक प्रतिवेदन 2014-2015 पटल पर रखेंगे.

(3) श्री लाल सिंह आर्य, राज्यमंत्री नगरीय विकास एवं पर्यावरण, जल अधिनियम, 1974 की धारा 40 की उपधारा (7) एवं वायु अधिनियम, 1981 की धारा 36 की उपधारा (7) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का लेखा परीक्षण प्रतिवेदन वर्ष 2013-2014 पटल पर रखेंगे.

### 3. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) श्री रामप्यारे कुलस्ते, सदस्य, मण्डला जिले के ग्राम घोटा में निजी भूमि पर कन्या छात्रावास का निर्माण किये जाने से उत्पन्न स्थिति की ओर स्कूल शिक्षा मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री सुन्दरलाल तिवारी, सदस्य, रीवा शहर में प्रदूषित पेयजल प्रदाय से उत्पन्न स्थिति की ओर नगरीय विकास एवं पर्यावरण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

### 4. अनुपस्थिति की अनुज्ञा

निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 132-घोड़ाडोंगरी (अ.ज.जा.) से निर्वाचित सदस्य, श्री सज्जन सिंह उइके को विधान सभा के फरवरी-अप्रैल, 2016 सत्र की बैठकों से अनुपस्थित रहने की अनुज्ञा.

### 5. प्रतिवेदनों की प्रस्तुति / स्वीकृति

(1) श्री रामप्यारे कुलस्ते, सभापति, गैर-सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति का दशम् प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे तथा निम्नलिखित प्रस्ताव करेंगे कि –

"सदन गैर-सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति के दशम् प्रतिवेदन से सहमत है.".

(2) श्री शंकरलाल तिवारी, सभापति, प्रत्यायुक्त विधान समिति का सप्तम् प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे.

### 6. याचिकाओं की प्रस्तुति

(1) श्री रामपाल सिंह, सदस्य, शहडोल जिले के बनसुकली में विश्राम गृह का निर्माण किये जाने,
(2) श्री अमर सिंह यादव, (सदस्य, राजगढ़ जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जीर्ण-शीर्ण सड़कों का डामरीकण किये जाने,
(3) श्रीमती चंदा सुरेन्द्र सिंह गौर, सदस्य, टीकमगढ़ जिले के-
(क) बलदेवगढ़ में वाईपास सड़क निर्माण कराये जाने, तथा
(ख) ग्राम लमेरा से हरपुरा तक सड़क का डामरीकरण कराये जाने,
(4) श्री दिनेश राय ''मुनमुन'', सदस्य, सिवनी जिले के-
(क) उमरिया, सूखामाल, बीसावाडी में हाई स्कूल खोले जाने, तथा
(ख) ग्राम मड़वा एवं अन्य ग्रामों में सामुदायिक भवन निर्माण कराये जाने,
(5) श्रीमती सरस्वती सिंह, सदस्य, सिंगरौली जिले के ग्राम पिपरा एवं वरहटी के मध्य नाले पर पुल निर्माण किये जाने,
(6) श्री देवेन्द्र वर्मा, सदस्य, खण्डवा जिले के अटल सरोवर को पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित किये जाने,
(7) कुँवर विक्रम सिंह, सदस्य, छतरपुर जिले के-
(क) ग्राम जमुनिया से मेन रोड तक प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत रोड निर्माण किये जाने, तथा
(ख) ग्राम कर्री के शासकीय कन्या प्राथमिक शाला को माध्यमिक कन्या शाला में उन्नयन किये जाने,
(8) डॉ. मोहन यादव, सदस्य, उज्जैन जिले के ग्राम नलवा के हाई स्कूल को हायर सेकेण्ड्री में उन्नयन कराये जाने,
(9) श्री मुरलीधर पाटीदार, सदस्य, आगर जिले के सुसनेर कंठाल नदी पर पुल/रपटा निर्माण कराये जाने,
(10) श्री लखन पटेल, सदस्य, दमोह जिले के ग्राम पुरा से जोरतला तथा सेमरा तिगड्डा को मुख्य सड़क से जोड़े जाने,
(11) श्री प्रदीप अग्रवाल, सदस्य, दतिया जिले के ग्राम रूहेरा में एक नवीन पशु अस्पताल खोले जाने,

(12) श्री नीटू सत्यपाल सिंह सिकरवार , सदस्य, मुरैना जिले के -
(क) एम.बी.सी. नहर की शाखा 1 एल. पर ग्राम आंधरे का पुरा एवं माले का पुरा के बीच नहर/ पुलिया निर्माण किये जाने,
(ख) ग्राम मानपुर अरहेला के बीच सड़क निर्माण कराये जाने, तथा
(ग) ग्राम छुलावद एवं मोधनी सामंत क्वारी नदी पर स्टाप डेम कम रपटा निर्माण किये जाने,
(13) श्री राम निवास रावत, सदस्य, श्योपुर जिले के काठौन रोड से दरिंगवा तक सड़क का निर्माण किये जाने,
(14) श्री नारायण सिंह पंवार, सदस्य, राजगढ़ जिले के-
(क) ब्यावरा में अतिरिक्त नवीन हाई स्कूल प्रारम्भ किये जाने,तथा
(ख) टप्पा सुठालिया को पूर्ण तहसील का दर्जा प्रदान किये जाने,
(15) श्री महेन्द्र सिंह कालूखेड़ा, सदस्य, अशोक नगर जिले के मुंगावली नगर की काजी कॉलोनी में कब्रिस्तान के पास विद्युत सुविधा उपलब्ध कराये जाने, तथा
(16) श्री चेतराम मानेकर, सदस्य, बैतूल जिले के-
(क) ग्राम परसोड़ी में शासकीय हाई स्कूल खोले जाने, तथा
(ख) रैयत पस्तलाई में हाई स्कूल स्वीकृत किये जाने,
(17) श्रीमती उषा चौधरी, सदस्य, सतना जिले के ग्राम तेंदुनी, मोटवा, खुटकहा में नवीन शासकीय प्राथमिक शाला स्वीकृत किये जाने,
(18) श्री घनश्याम पिरौनियां , सदस्य, दतिया जिले के-
(क) ग्राम रामगढ़, वराना, दलीपुरा भांडेर के किसानों को सिचाई हेतु नहर से पानी की व्यवस्था कराये जाने, तथा
(ख) ग्राम बेरध से सिद्धबाबा मंदिर तक सड़क निर्माण कराये जाने,
(19) श्री आशीष गोविन्द शर्मा, सदस्य, देवास जिले के-
(क) ग्राम किलोदा (पी.) से बुरट तक मार्ग का निर्माण किये जाने, तथा
(ख) ग्राम चपलासा स्थित दतुनी नदी के क्षतिग्रस्त रपटे का पुन:निर्माण किये जाने,
(20) श्री गोविन्द सिंह पटेल, सदस्य, नरसिंहपुर जिले के ग्राम चांदनखेड़ा से प्रेमपुर तक रोड बनाए जाने,
(21) श्री सुन्दर लाल तिवारी, सदस्य, रीवा जिले के ग्राम गुढ़ से खेरा पहुँच मार्ग का रोड निर्माण कराये जाने,
(22) श्री शैलेन्द्र पटेल, सदस्य, सीहोर जिले के ग्राम झालकी में पानी निकासी हेतु नालों का निर्माण किये जाने,
(23) श्री दिलीप सिंह परिहार, सदस्य, नीमच जिले के ग्राम जावी में 10 बिस्तरों का स्वास्थ्य केन्द्र भवन बनाये जाने,
(24) इंजी. प्रदीप लारिया, सदस्य, सागर जिले के ग्राम कर्रापुर में मुख्यमंत्री नलजल योजना स्वीकृत कराये जाने,
(25) श्री मानवेन्द्र सिंह, सदस्य, छतरपुर जिले के ग्राम बिलहरी से शमशान घाट तक रोड निर्माण कराए जाने,
(26) श्री विजय सिंह सोलंकी, सदस्य, खरगोन जिले के-
(क) ग्राम हनुमंत्या, केशवपुरा में सिचांई हेतु पानी उपलब्ध कराये जाने, तथा
(ख) भगवानपुरा, झिख्या को हाई फोकस क्षेत्र घोषित कर रिक्त पदों पर डॉक्टरों की पूर्ति किये जाने,
(27) श्री आरिफ अकील, सदस्य, भोपाल जिले के –
(क) लेबर कॉलोनी पुटठा मिल में पानी की पाईप लाइन डाले जाने, तथा
(ख) इब्राहिमगंज में पीने के पानी के लिए नई पाइप लाईन डाले जाने,
(28) श्री यशपाल सिंह सिसोदिया, सदस्य, मन्दसौर जिले के-
(क) ग्राम मजेसरा में ऑगनबाड़ी भवन का निर्माण किये जाने, तथा
(ख) ग्राम भावगढ़ में माध्यमिक विद्यालय का निर्माण कराये जाने,
(29) श्री चम्पालाल देवड़ा, सदस्य, देवास जिले के -
(क) सिवनपानी से पटपड़ी मार्ग का निर्माण किये जाने,
(ख) एन.एच. 59 मार्ग पर नवीन ब्रिज बनाये जाने,
(ग) एन.एच. 59 पर ग्राम मोखा पिपलिया में काली सिंध नदी पर नवीन ब्रिज बनाए जाने,
(30) डॉ. गोविन्द सिंह, सदस्य, भिण्ड जिले के असलमपुर नगर का गंदा पानी सोनभद्रिका नदी में जाने से रोके जाने,

के संबंध में याचिकाएं प्रस्तुत करेंगे.

## 7. वर्ष 2016-2017 की अनुदानों की मांगों पर मतदान

| निर्धारित समय | | | |
|---|---|---|---|
| 2 घण्टे | (1) | मांग संख्या – 1 | सामान्य प्रशासन |
| | | मांग संख्या – 2 | सामान्य प्रशासन विभाग से संबंधित अन्य व्यय |
| | | मांग संख्या – 26 | संस्कृति |
| | | मांग संख्या – 37 | पर्यटन |
| | | मांग संख्या – 48 | नर्मदा घाटी विकास |
| | | मांग संख्या – 65 | विमानन. |
| 3 घण्टे | (2) | मांग संख्या – 17 | सहकारिता |
| | | मांग संख्या – 30 | ग्रामीण विकास |
| | | मांग संख्या – 34 | सामाजिक न्याय |
| | | मांग संख्या – 59 | ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित विदेशों से सहायता प्राप्त परियोजनाएं |
| | | मांग संख्या – 62 | पंचायत |
| | | मांग संख्या – 74 | त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं को वित्तीय सहायता |
| 2 घण्टे | (3) | मांग संख्या – 13 | किसान कल्याण तथा कृषि विकास |
| | | मांग संख्या – 54 | कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा |

**भगवानदेव ईसरानी**
**प्रमुख सचिव,**
**मध्यप्रदेश विधान सभा**

**भोपाल :**
**दिनांक : 2 मार्च, 2016**